पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने गुजरात में गांधीनगर जिले के कोलवड़ा में कोविड डेज़ीगनेटेड अस्पताल में 280 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया

प्लांट से रोगियों को प्रति मिनिट 280 लीटर ऑक्सिजन मिलेगी, साथ ही आकस्मिक समय के लिए यहाँ ऑक्सिजन सिलिंडर्स भी उपलब्ध कराये गये

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश भर में एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिसमें पीएम केयर फंड से ऑक्सीजन उपलब्ध कराने की योजना के तहत केंद्र सरकार ने गुजरात में 11 नए पीएसए ऑक्सीजन प्लांट लगाने की स्वीकृति दी

ये प्लांट जल्द ही चालू हो जाएगें और इनमें उत्पादित ऑक्सीजन की अतिरिक्त मात्रा अन्य राज्यों में पहुंचाई जाएगी

गांधीनगर के हेलीपैड ग्राउंड में 600 आईसीयू बेड की सुविधा के साथ 1200 बेड का अस्पताल जल्द ही चालू हो जाएगा

नई दिल्ली, 24.04.2021

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात में गांधीनगर जिले के कोलवड़ा में कोविड डेज़ीगनेटेड अस्पताल में 280 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया। ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से बात करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि कोलवाड़ा में 66 रोगियों का इलाज चल रहा है जिन्हें आज से ऑक्सीजन की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस प्लांट से रोगियों को प्रति मिनिट 280 लीटर ऑक्सिजन मिलेगी, साथ ही आकस्मिक समय के लिए यहाँ ऑक्सिजन सिलिंडर्स भी उपलब्ध कराये गये हैं जिससे मरीजों को कोई असुविधा न हो।

श्री अमित शाह कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश भर में एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिसमें पीएम केयर फंड से ऑक्सीजन

उपलब्ध कराने की योजना के तहत केंद्र सरकार ने गुजरात में 11 नए पीएसए ऑक्सीजन प्लांट लगाने की स्वीकृति दी है। ये प्लांट जल्द ही चालू हो जाएगें और इनमें उत्पादित ऑक्सीजन की अतिरिक्त मात्रा अन्य राज्यों में पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गुजरात एक औद्योगिक राज्य है जहाँ अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन किया जा रहा है जिससे दूसरे राज्यों को मदद मिलेगी।

गुजरात के मुख्यमंत्री श्री विजयभाई रूपाणी और उप मुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेल को उनके संसदीय क्षेत्र में ग्रामीण नागरिकों को उपलब्ध कराई गई सेवाओं के लिए बधाई देते हुए, श्री अमित शाह ने कहा कि कोरोना की पहली लहर में कड़ी मेहनत करते हुए उन्होंने जो काम किया है, उन्हे विश्वास है कि इस दूसरी लहर में भी, हम कोरोना को हराएंगे और गुजरात के नागरिकों को इस महामारी से बाहर लाएंगे और उनकी रक्षा करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि टाटा संस और

डीआरडीओ के सहयोग से गांधीनगर के हेलीपैड ग्राउंड में 600 आईसीयू बेड की सुविधा के साथ 1200 बेड का अस्पताल जल्द ही चालू हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए काम शुरू किया गया है और जल्दी ही नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विजयभाई रूपाणी, उपमुख्यमंत्री नितिनभाई पटेल और गांधीनगर जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



****

एनडब्ल्यू/आरके/पीके/एडी/डीडीडी